# डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उ0प्र0)
# DR. RAM MANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, FAIZABAD (U.P.)

पत्रांकः लो0अ0वि0/परीक्षा/ 531 /2018 दिनांकः 12.11.2018

## अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र **2018-19** की मुख्य परीक्षा, जो मार्च से प्रारम्भ होना प्रस्तावित है, के संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व/एकल विषय के आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाएं निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार निर्धारित की जाती है:-

### प्रथम चरण (बिना बिलम्ब शुल्क)

(i) छात्रों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियां- **13-11-2018** से **15-12-2018** तक।

(ii) महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा फार्म संशोधन एवं सत्यापन की तिथियां- **14-11-2018** से **17-12-2018** तक।

**(नोटः दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ सम्पादित होगी।)**

(iii) महाविद्यालयों द्वारा छात्रों द्वारा सत्यापित किये गए आनलाइन परीक्षा फार्मो का परीक्षा शुल्क दिनांक **२०.१२.२०१८** तक आनलाइन गेटवे के माध्यम से जमा करने के पश्चात् सम्बन्धित महाविद्यालय कालेज लॉगिन के अन्दर उपलब्ध Fill UTR Details Menu पर जाकर NEFT/RTGS से सम्बन्धित विवरण भरे एवं शुल्क जमा की रसीद अपलोड करें, तत्पश्चात् जमा किये गये शुल्क के रसीद की छायाप्रति विश्वविद्यालय के लेखा विभाग एवं परीक्षा विभाग में दिनांक **२२.१२.२०१८** तक जमा करना सुनिश्चित करें।

### द्वितीय चरण (रू.२००/- प्रति छात्र बिलम्ब शुल्क के साथ)

(i) छात्रों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियां - **21-12-2018** से **10-01-2019** तक।

(ii) महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा फार्म संशोधन एवं सत्यापन की तिथियां -**22-12-2018** से **12-01-2019** तक।

**(नोटः दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ सम्पादित होगी।)**

**(iii)** महाविद्यालयों द्वारा छात्रों द्वारा सत्यापित किये गए आनलाइन परीक्षा फार्मो का परीक्षा शुल्क दिनांक **15-01-2019** तक आनलाइन गेटवे के माध्यम से जमा करने के पश्चात् सम्बन्धित महाविद्यालय कालेज लॉगिन के अन्दर उपलब्ध Fill UTR Details Menu पर जाकर NEFT/RTGS से सम्बन्धित विवरण भरे एवं शुल्क जमा की रसीद अपलोड करें, तत्पश्चात् जमा किये गये शुल्क के रसीद की छायाप्रति विश्वविद्यालय के लेखा विभाग एवं परीक्षा विभाग में दिनांक **16-01-2019** तक जमा करना सुनिश्चित करें।

### तृतीय चरण (रू.350/- प्रति छात्र बिलम्ब शुल्क के साथ)

**(i)** छात्रों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियां- **16-01-2019** से **27-01-2019** तक।

(ii) महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा फार्म संशोधन एवं सत्यापन की तिथियां - **17-01-2019** से **30-01-2019** तक।

**(नोटः दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ सम्पादित होगी।)**

**(iii)** महाविद्यालयों द्वारा छात्रों द्वारा सत्यापित किये गए आनलाइन परीक्षा फार्मो का परीक्षा शुल्क दिनांक **31-01-2019** तक आनलाइन गेटवे के माध्यम से जमा करने के पश्चात् सम्बन्धित महाविद्यालय कालेज लॉगिन के अन्दर उपलब्ध Fill UTR Details Menu पर जाकर NEFT/RTGS से सम्बन्धित विवरण भरे एवं शुल्क जमा की रसीद अपलोड करें, तत्पश्चात् जमा किये गये शुल्क के रसीद की छायाप्रति विश्वविद्यालय के लेखा विभाग एवं परीक्षा विभाग में दिनांक 01-02-2019 तक जमा करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्धारित चरणों में सम्बन्धित महाविद्यालय निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत बैंक **स्टेट बैंक आफ इण्डिया, शाखा अवध विश्वविद्यालय परिसर** में खाता सं0 **36894965907** में (**NEFT/RTGS**) के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**१. छात्रों हेतु आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया:-**

१. छात्र आनलाइन परीक्षा फार्म आवेदन हेतु वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलें।

२. वेबसाइट पर उपलब्ध **Registration Form for Main Examination for Regular/Private/Ex** जो लागू हो, को क्लिक करें।

३. तत्पश्चात् आनलाइन फार्म में वांछित विवरण को सावधानीपूर्वक भरें।

४. समस्त सूचनाओं को पूरित करने के उपरान्त भरे गये फार्म की प्रिंट निकाल लें।

५. छात्र निकाले गये परीक्षा फार्म के प्रिंट आउट की दोनों प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त महाविद्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

६. यदि किसी छात्र के परीक्षा आवेदन फार्म में फार्म भरते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित अभ्यर्थी ऐसी दशा में नया फार्म भरकर नये फार्म को महाविद्यालय में जमा करेगा।

७. अभ्यर्थी महाविद्यालय में त्रुटिरहित फार्म की प्रिंट आउट ही जमा कराना सुनिश्चित करेगा।

**२. महाविद्यालयों हेतु आनलाइन परीक्षा फार्मो को वेरीफाई करने एवं शुल्क जमा करने से सम्बन्धित प्रक्रियाएं:-**

१. महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रों द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार जमा किए गए फार्मो को सत्यापित/वेरीफाई करने हेतु वेबसाइट **www-rmlauexams.in** खोलेगे।

२. महाविद्यालय द्वारा स्नातक/परास्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशित छात्र/छात्राओं का विवरण जो विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है उन्हीं छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म महाविद्यालयों द्वारा सत्यापित किया जाना होगा।

३. स्नातक/परास्नताक प्रथम वर्ष को छोड़कर अन्य छात्र/छात्राओं का परीक्षाफार्म पूर्व कक्षा के अनुक्रमांक से सत्यापित किये जायेगे। तथा स्नातक/ परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये **यूनिक रजिस्ट्रेशन आई०डी०** द्वारा सत्यापित किया जायेगा।

४. लागिन के अंदर उपलब्ध फार्म वेरीफिकेशन पर क्लिक करेंगे।

**५. यदि किसी छात्र के फार्म में कोई त्रुटि है तो ऐसी दशा में महाविद्यालय छात्र द्वारा नया त्रुटिरहित फार्म भरने एवं जमा करने के उपरान्त ही फार्म सत्यापित करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण परीक्षा फार्म सत्यापित किये जायेगे तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय एवं छात्र की होगी।**

६. महाविद्यालय छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि में जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्रों का स्वयं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर लें, अर्हता संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण न होने पर तत्सम्बन्धी छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय फार्म सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

७. प्रत्येक चरणों में वैरीफिकेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त महाविद्यालय कालेज लागिन के अन्दर उपलब्ध  करके निर्धारित परीक्षा शुल्क को उपरोक्त वर्णित व्यवस्था के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के खाते में आर०टी०जी०एस० के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

८. सम्बन्धित महाविद्यालय कालेज लागिन के अंदर उपलब्ध वेरीफाई स्टूडेण्ट लिस्ट को क्लिक करके पाठ्यक्रमावार वेरीफाईड स्टूडेण्ट लिस्ट की प्रिंट निकालेंगे एवं उस प्रिंट के साथ अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय को उपलब्ध कराये गये पूरित आवेदन पत्रों की एक प्रति, ( **NEFT/RTGS** ) के माध्यम से जमा किए गए परीक्षा शुल्क की काउंटर फाईल की प्रति को उल्लिखित कार्यक्रमानुसार परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा करते हुए परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

९. मुख्य परीक्षा २०१६ में परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु **C.C.T.V.** (Audio/Video Connectivety) का होना अनिवार्य है तथा उक्त की पुष्टि कराये जाने हेतु **C.C.T.V.** का विवरण (आडियो/वीडियो/यूजर आई०डी० /सी०सी०टी०वी० आपरेटर का मोबाइल नम्बर) ई०डी०पी० में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि **C.C.T.V.** ***क्रियाशील होने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा कभी भी निरीक्षण कराया जा सके।***

१०. यदि महाविद्यालय में सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सम्बद्धता ***सत्र २०१७-१८ में समाप्त हो गयी है तो उस महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सत्र २०१८-१९ हेतु सम्बद्धता/विस्तरण प्राप्त किये बिना छात्रों का प्रवेश किसी भी दशा में न लिया*** जाय ।यदि किस महाविद्यालय द्वारा प्रवेश लेकर छात्रों का परीक्षाफार्म सत्यापित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धक की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. ब्युरो प्रमुख/ सम्पादक/ संवाददाता ------ को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में जन हितार्थ नि:शुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।
२. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित परीक्षार्थियों का आन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत पूरित/वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
३. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/प्रधान सहायक/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)
४. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
५. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी/कुलसचिव, वित्तअधिकारी/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
६. मुख्यकुलानुशासक/मीडियाप्रभारी/अध्यक्ष/महामंत्री, शिक्षक संघ, डा० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद।
७. प्रोग्रामर, ई०डी०पी० को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को अपलोड करने एवं आन लाईन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।
८. कार्यालयीय प्रति/सूचना -पट्।

परीक्षा नियंत्रक